## ट्रंप की धमकियों पर ईरान की दो टूकः अराघची बोले- धमकियों के बीच वार्ता संभव नहीं, अमेरिका करे समझौते का सम्मान



तेहरान (ए.)। मध्य-पूर्व एशिया में फिलहाल शांति है, लेकिन यूएस-ईरान के बीच हाल ही में हुआ समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है। इसकी एक अहम वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फिर ईरान की ओर से दिए जा रहे जवाब माने जा रहे हैं। सोमवार को भी ट्रंप ने ऐसा ही कुछ कहा, जिसका जवाब ईरान की ओर से आया। ईरानी विदेश मंत्री सैय्यद अबास अराघची ने स्पष्ट किया कि धमकियों से काम नहीं चलेगा।

'यदि धमकियों का सिलसिला जारी रहा, तो अंतिम समझौते पर बातचीत शुरू नहीं होगी'

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि यदि धमकियों का सिलसिला जारी रहा, तो अंतिम समझौते पर बातचीत शुरू नहीं होगी। उन्होंने इस संबंध में अमेरिका के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के पैराग्राफ 13 का हवाला दिया। अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,"लाखों गौरवान्वित ईरानी" सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एकत्र हो रहे हैं।

# चीन ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी से मिसाइल की लॉन्च, अमेरिका तक मार

### - इस परीक्षण पर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान जैसे देशों ने जताई कड़ी आपत्ति

बीजिंग,(ए.)। चीन ने प्रशांत महासागर में परमाणु हथियार ले जाने वाली रणनीतिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। चीन ने कहा है कि इस मिसाइल को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी से मिसाइल को लॉन्च किया है और इसने अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। चीन की नौसेना ने कहा है कि लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल को एक डमी ट्रेनिंग वॉरहेड में लगाया गया था और इसे सोमवार दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर लॉन्च किया गया। चीन ने इस मिसाइल टेस्ट को नियमित सैन्य प्रशिक्षण का हिस्सा बताया और कहा कि मिसाइल खुले समुद्र में पहले से तय इलाके में गिरी।

चीन के इस परमाणु मिसाइल परीक्षण पर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान जैसे देशों ने कड़ी आपत्ति जताई है। इसके अलावा इस टेस्ट ने इंडो-पैसिफिक देशों को भी चिंता में डाल दिया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने पुष्टि की है कि चीन ने सरकार को प्रशांत महासागर में समुद्र-आधारित मिसाइल टेस्ट करने की योजना के बारे में बताया था लेकिन उन्होंने कहा कि यह कदम इलाके में अस्थिरता पैदा करने वाला है।



फिजी की राजधानी सुवा में एक वोंग ने पत्रकारों से कहा कि ऑस्ट्रेलिया का रुख साफ है कि यह प्रस्तावित टेस्ट चीन की तेजी से बढ़ती मिलिट्री ताकत के संदर्भ में है जिसमें उस पारदर्शिता और इरादों के बारे में भरोसे की कमी है जिसकी इस इलाके को उम्मीद है। वहीं जापान सरकार ने कहा कि उसे मिसाइल लॉन्च के बारे में जानकारी दी गई थी और उसने चीन से इस पर फिर से विचार करने को कहा था। जापान सरकार ने कहा हमने चीनी सेना की बढ़ती गतिविधियों पर अपनी गहरी चिंता जताई है। इसके अलावा जापान सरकार ने बताया कि रविवार को चीनी अधिकारियों ने जापान के कोस्ट गार्ड को अंतरिक्ष के मलबे के गिरने के बारे में जानकारी दी थी जो जापान के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में गिर सकता था।

न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस योजनाबद्ध लॉन्च के बारे में इसके होने के कुछ ही घंटों के अंदर जानकारी मिली थी। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा न्यूजीलैंड इसे एक अवांछित और चिंताजनक घटना मानता है। प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों में अपने पड़ोसियों की तरह हमारी भी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है कि चीन दक्षिण प्रशांत का इस्तेमाल अपनी मिसाइल क्षमता के टेस्ट के लिए करे।

## पाकिस्तान में आतंकी हमलाः नौ पुलिसकर्मियों की मौत, पांच लापता; बलूचिस्तान में हुई वारदात के बाद हालात कैसे?



इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक बांध परियोजना के चेकपोस्ट पर हमला हुआ। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने नौ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी और कई अन्य लापता हैं। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी अब्दुल कुदूस ने बताया कि 'मंगी बांध परियोजना की रखवाली कर रहे एक चेकपोस्ट पर हमले के बाद नौ पुलिसकर्मी मारे गए हैं और कई लापता हैं"। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने इस संख्या की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कई पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी मृतकों में शामिल हैं। उन्होंने इस हमले के लिए इस्लामी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया।

**जवाबी कार्रवाई और संघर्ष**

बलूचिस्तान की सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक बल, पुलिस और आतंकवाद विरोधी कर्मियों ने आतंकवादियों के खिलाफ 'संयुक्त अभियान सफलतापूर्वक चलाए हैं'। पाकिस्तान वर्षों से बलूचिस्तान में अलगाववादी विद्रोह से जूझ रहा है। इस खनिज-समृद्ध प्रांत की सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां आतंकवादी राज्य बलों और विदेशी निवेश तथा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को निशाना बनाते हैं।

**सीमा पार से हमले**

यह पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ते आतंकवादी हमलों का हिस्सा है। इस्लामाबाद का कहना है कि ये हमले अफगानिस्तान से होते हैं, जहां के अधिकारी लगातार किसी भी संलिप्तता से इन्कार करते रहे हैं। पाकिस्तान ने हाल के महीनों में अफगान क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि ये हमले आतंकवादियों को निशाना बनाते हैं, लेकिन तालिबान सरकार के अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इन हमलों में दर्जनों नागरिक मारे गए हैं। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लापता पुलिसकर्मियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

# चीन में भारी बारिश-बाढ़ का कहरः 20 लोगों की मौत; फार्म से बाहर निकले 900 सांप; राष्ट्रपति जिनपिंग ने क्या कहा?

बीजिंग(ए.)। चीन में आई भीषण बाढ़ में 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 331 लोग घायल हुए हैं। यह चीन की सबसे भयावह बाढ़ में से एक बताई जा रही है। इस बाढ़ के कारण एक और खौफ उस समय पैदा हो गया, जब पानी के तेज बहाव से एक सांपों का फार्म टूट गया और वहां से करीब 900 सांप भाग गए।सोमवार रात से चीन के कई इलाकों में खराब मौसम ने भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्या निर्देश दिए?**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित इलाकों में पूरी ताकत से राहत और बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने घायलों के उपचार और आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा। शी जिनपिंग ने निगरानी व्यवस्था, पहले से चेतावनी देने की प्रणाली और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों की जान और संपत्ति की सुरक्षा के लिए आपदा रोकथाम और राहत कार्यों को मजबूत करने के निर्देश भी दिए।



**फार्म से 900 सांपों के बाहर आने के बाद क्या हुआ?**

सोमवार रात भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित हेंगझोउ इलाके में एक सांपों का फार्म टूट गया। इसके बाद वहां से करीब 900 सांप बाहर निकल गए। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वायरल हुए एक वीडियो में लोग कमर तक भरे पानी में बांस की छड़ियां लेकर सांपों को पकड़ने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

हेंगझोउ के अधिकारी वू झी ने एक न्यूज पोर्टल को बताया कि ज्यादातर सांप जहरीले नहीं थे। उन्होंने कहा कि 10 लोगों की एक टीम बनाई गई है, जो मछली पकड़ने वाले जाल और बिजली के झटके देने वाले उपकरणों की मदद से सांपों को पकड़ रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया कि अगर घरों में सांप दिखें तो उन्हें हाथ से पकड़ने की कोशिश न करें।

**खतरे के निशान से ऊपर कितनी नदियां?**


केंद्रीय अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण पूरे चीन में 62 नदियों का जलस्तर बाढ़ की चेतावनी सीमा से ऊपर पहुंच गया है। गुआंग्शी में किंगशुई नदी में निगरानी के इतिहास का सबसे बड़ा बाढ़ स्तर दर्ज किया गया है।

**हुबेई में तूफान से कितने लोगों की मौत हुई?**

हुबेई प्रांत के पूर्वी हिस्से में सोमवार रात आंधी और तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया।

## फीचर

# अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस की झलक दिखाई प्रियंका ने



मुंबई (ए.)। अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस से पहले होने वाले जश्न की झलक अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें बड़ी कांच की खिड़कियों के बाहर रात के आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती दिखाई दे रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने सभी को 4 जुलाई की शुभकामनाएं भी दीं। प्रियंका चोपड़ा का अमेरिका से लंबे समय से गहरा जुड़ाव रहा है। बचपन के कुछ वर्ष उन्होंने अपने रिश्तेदारों के साथ अमेरिका में बिताए थे।

इस दौरान उन्होंने मैसाचुसेट्स, आयोवा और न्यूयॉर्क के स्कूलों में पढ़ाई की। बाद में भारत लौटकर उन्होंने मनोरंजन जगत में अपनी पहचान बनाई और बॉलीवुड में सफल करियर स्थापित करने के बाद हॉलीवुड की ओर रुख किया। अभिनेत्री कई बार बता चुकी हैं कि हॉलीवुड में उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बिल्कुल नए कलाकार की तरह की। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी सफलता मिलने के बावजूद उन्होंने कभी विशेष व्यवहार की उम्मीद नहीं की। उन्हें अन्य कलाकारों की तरह ऑडिशन देने पड़े, कास्टिंग एजेंसियों से मिलना पड़ा और खुद को विभिन्न भूमिकाओं के लिए प्रस्तुत करना पड़ा। प्रियंका ने यह भी बताया कि शुरुआती दिनों में वह अपना पोर्टफोलियो लेकर कास्टिंग पेशेवरों से मिलती थीं और अपने काम के आधार पर अवसर हासिल करने का प्रयास करती थीं।

उनका मानना है कि नए माहौल में खुद को साबित करने के लिए धैर्य और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण होती है। हॉलीवुड में उनकी यात्रा संगीत के क्षेत्र से शुरू हुई थी। इसके बाद वर्ष 2015 में उन्हें क्वांटिको में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर मिला। इस शो के साथ वह अमेरिकी नेटवर्क ड्रामा में मुख्य भूमिका निभाने वाली पहली दक्षिण एशियाई अभिनेत्री बनीं। इस उपलब्धि ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा ने कई चर्चित हॉलीवुड परियोजनाओं में काम किया, जिनमें बेवॉच, द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स, सिटाडेल, लव अगेन और हेड्स ऑफ स्टेट शामिल हैं। इन परियोजनाओं के जरिए उन्होंने वैश्विक मनोरंजन जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

# बोनी कपूर की बेटी अंशुला की शादी में कपूर सिस्टर्स ने खींचा सबका ध्यान

### - जाह्नवी, खुशी और सोनम तीनों ने अपने-अपने अंदाज में ट्रेडिशनल फैशन फ्लॉन्ट किया

मुंबई,(ए.)। बोनी कपूर की बेटी अंशुला कपूर ने 6 जुलाई को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर से शादी कर ली है। दोनों ने परिवार और दोस्तों के बीच ग्रैंड वेडिंग में सात फेरे लिए, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अंशुला और रोहन की शादी सिर्फ परिवार के लिए खास मौका नहीं रही, बल्कि फैशन लवर्स के लिए भी ग्रैंड फैशन शो से कम नहीं थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शादी की खूबसूरत तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चर्चा कपूर सिस्टर्स के लुक्स की होने लगी है। बहन अंशुला की शादी में जाह्नवी कपूर, खुशी कपूर और सोनम कपूर बेहद खूबसूरत ट्रेडिशनल आउटफिट्स में नजर आईं. तीनों ने आउटफिट्स को अपने-अपने अंदाज में स्टाइल करके साबित कर दिया कि रॉयल एथनिक फैशन को वे बखूबी अपनाना जानती हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी बड़ी बहन अंशुला की शादी के लिए डिजाइनर अनामिका खन्ना का कस्टम हैंड-एंब्रॉयडेड आइवरी लहंगा पहना। उनका लुक बेहद एलिगेंट और रॉयल था उनके लहंगे को फ्लोरल डिजाइन से सजाया गया था, जो इसे मॉडर्न और खूबसूरत लुक दे रहा था।



जाह्नवी ने अपने खूबसूरत लहंगे को फ्लोरल मोटिफ्स और स्कैलप्ड एजेस वाले खूबसूरत ब्लाउज के साथ पेयर किया था उनके लहंगे की स्कर्ट को रेशम, जरी और थ्रेडवर्क से सजाया गया था। एक्ट्रेस ने इसके साथ आइवरी ऑर्गेंजा दुपट्टा कैरी किया, जिसने पूरे लुक को और भी ग्रेसफुल बना दिया। जाह्नवी ने अपने लुक को हैवी नेकलेस और इयररिंग्स के साथ कंप्लीट किया। उन्होंने इयररिंग्स को भारी बनाने के लिए उनमें इयरचेन जोड़ीं, जो उनके लुक में रॉयल अंदाज भी जोड़ रही थीं। इसके साथ ही जाह्नवी ने चूड़ियां और अंगूठियां भी पहनी। अनामिका खन्ना का डिजाइन किया गया मैचिंग क्लच उनके पूरे लुक का परफेक्ट फिनिशिंग टच बना।

फैशन की बात हो और सोनम कपूर का नाम न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। छोटी बहन अंशुला कपूर की शादी में सोनम का लुक शाही ठाठ से भरपूर नजर आया। उन्होंने अनामिका खन्ना का कस्टम आउटफिट पहना, जिसमें बारीक कढ़ाई वाली शानदार केप और ग्रे-शेड बेस पर तैयार रॉयल एंसेंबल शामिल था। हेवी बॉर्डर वाली केप उनके पूरे लुक का सबसे खास हिस्सा रही। सोनम ने अपने आउटफिट को पन्ने और सोने से बने लेयर्ड नेकलेस, बड़े झुमकों और स्टेटमेंट मांग टीके के साथ पेयर किया। हाथ में विंटेज स्टाइल पोटली बैग लिए उनका यह रॉयल अंदाज शादी के सबसे यादगार फैशन मोमेंट्स में शामिल रहा।

अंशुला कपूर की शादी में जाह्नवी कपूर, खुशी कपूर और सोनम कपूर तीनों ने अपने-अपने अंदाज में ट्रेडिशनल फैशन को फ्लॉन्ट किया। किसी ने आइवरी लहंगे से शाही अंदाज दिखाया, किसी ने पेस्टल कलर्स का आउटफिट पहन लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। वहीं सोनम ने हैवी जूलरी और रॉयल केप के साथ महारानी जैसा लुक अपनाया। यही वजह है कि शादी की तस्वीरों में दुल्हन के साथ-साथ कपूर सिस्टर्स के फैशन स्टेटमेंट भी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं।

## स्कॉटलैंड की यात्रा पर निकिता दत्ता, साझा कीं तस्वीरें



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता स्कॉटलैंड की अपनी यात्रा पर है जहां से उन्होंने कुछ मनमोहक झलकियां सोशल मीडिया पर साझा की हैं। अभिनेत्री की यह पोस्ट उनके प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। निकिता दत्ता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कई तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें "स्कॉटलैंड से पोस्टकार्ड्स" शीर्षक दिया।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इन तस्वीरों और वीडियो में वह हरे-भरे पहाड़ों, खुले मैदानों और शांत वातावरण का आनंद लेती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में वह स्कॉटलैंड के मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के बीच अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। हर तस्वीर में वहां की हरियाली, पहाड़ और शांत वातावरण की खूबसूरती साफ दिखाई देती है। इससे पहले उन्होंने स्कॉटलैंड के ग्रामीण इलाके का एक वीडियो भी साझा किया था। वीडियो में निकिता खूबसूरत और कम चर्चित स्थानों की तलाश में पहाड़ियों और खुले मैदानों में पैदल यात्रा करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्हें चरागाह में बड़ी संख्या में भेड़ें भी दिखाई दीं, जिनके बीच बिताए गए पल उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ साझा किए। पोस्ट के साथ निकिता ने लिखा कि स्कॉटलैंड के कुछ अनछुए और छिपे हुए प्राकृतिक स्थलों की खोज में वह सामान्य से कुछ अधिक दूर निकल गईं और भेड़ों से भरे एक मैदान तक पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि 'बनेट स्टेन' नामक चट्टान तक पहुंचने के लिए की गई छोटी-सी चढ़ाई भी उनके लिए बेहद रोमांचक और यादगार अनुभव रही।

## विदेश में रहना है तो संवाद को बेहतर बनाना होगा : सना सईद

मुंबई (ए.)। सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान की बेटी अंजलि के किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सना सईद ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में रहने के दौरान भाषा, उच्चारण और संवाद से जुड़ी अपनी शुरुआती कठिनाइयों का एक मार्मिक अनुभव साझा किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने 2016 में अमेरिका पहुंचने के शुरुआती दिनों की एक दिलचस्प घटना बताई। सना ने बताया, साल 2016 में मैं पहली बार अपनी पढ़ाई के लिए लॉस एंजिल्स आई थी। इस दौरान मुझे रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों में भी बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने अनुभव को विस्तार से बताते हुए कहा, मुझे याद है कि एक बार मैं एक रेस्टोरेंट में गई थी और साधारण सा पानी मांग रही थी, लेकिन मेरे उच्चारण के कारण वेटर समझ ही नहीं पाया। मैंने कई बार वॉटर कहा, लेकिन वह मुझे सोडा या कोक जैसी अन्य चीजें पेश करता रहा। उस दिन सना को गहरा एहसास हुआ कि यदि उन्हें अमेरिका जैसे देश में अपनी जिंदगी और करियर को आगे बढ़ाना है, तो उन्हें अपने संवाद के तरीके को बेहतर बनाना होगा, क्योंकि यहां सुना जाना ही सबसे जरूरी है। इसके बाद सना ने अपने उच्चारण और बोलने के तरीके पर विशेष ध्यान देना शुरू किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने बाकायदा प्रशिक्षण भी लिया। सना ने इस प्रक्रिया को आसान नहीं बताया। उनके अनुसार, किसी नए देश में जाकर वहां की भाषा के लहजे के अनुसार खुद को ढालना बिल्कुल एक नई भाषा सीखने जैसा होता है, जिसमें बहुत समय, अथक मेहनत और लगातार अभ्यास की आवश्यकता होती है।



